पंचायत एवं समाज का दैनिक हिन्दी अखबार

पृथक छत्तीसगढ़

RNI Reg. - CHHHIN/2021/82382

जांजगीर-चाम्पा जिले से प्रकाशित

सच के साथ हमेशा

वर्ष-4 | अंक-50 | गुरुवार 19 सितम्बर 2024 | पृष्ठ-4 मूल्य-1 रुपए | prithakchhattisgarh@gmail.com

पहला कॉलम

अपहरण किये गए एनआरआई बुजुर्ग की हत्या.. नहर से मिला शव

जालंधर। नकोदर कस्बे के गांव कंग साहबू से 75 वर्षीय मोहिंदर सिंह रविवार शाम अपने घर से निकले थे, जिसके बाद जालंधर नकोदर हाईवे पर दो अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण कर लिया था। उक्त करोड़पति एनआरआई की हत्या कर दी गई है व उनका शव मोगा नहर में फेंक दिया गया। इस मामले में थाना सदर नकोदर की पुलिस ने बीएनएस 104 यानि अपहरण के केस साथ अब हत्या की धारा भी जोड़ दी है। पुलिस ने दो हत्यारों को हिरासत में भी ले लिया है। पुलिस टीम शव को बरामद करने के लिए मोगा रवाना हो गयी है। एसएसपी हरकंवलप्रीत सिंह खख ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि एनआरआई की हत्या कर शव को नहर में फेंका गया है। पुलिस हत्या के कारण की जांच कर रही है।

जनता पार्टी ने सैमसंग कर्मचारियों की हड़ताल को दिया समर्थन

चेन्नई। जनता पार्टी ने तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर स्थित सैमसंग प्लांट के हड़ताली कर्मचारियों के साथ अपना मजबूती से समर्थन व्यक्त किया है। लगभग 1,100 कर्मचारी बेहतर वेतन और सुरक्षित कार्य वातावरण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। ये कर्मचारी सैमसंग के कुल उत्पादन का 30त्न टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर निर्माण करते हैं, जिससे कंपनी को 12 बिलियन डॉलर का राजस्व मिलता है। जनता पार्टी ने आज लगभग 100 कर्मचारियों की अवैध गिरफ्तारी, जिनमें ष्टड्ढञ्ज के प्रमुख नेता कॉमरेड ई. मुथुकुमार भी शामिल हैं, की कड़ी निंदा की है और इसे कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है।जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने इस मुद्दे पर कहा कि लोकतंत्र में लोगों को विरोध करने का अधिकार है। यह बेहद चिंताजनक है कि डीएमके सरकार अपने नागरिकों की रक्षा करने के बजाय एक बहुराष्ट्रीय कंपनी सैमसंग के इशारे पर काम कर रही है। हम सभी गिरफ्तार कर्मचारियों की तत्काल रिहाई की मांग करते हैं।

सुप्रीम कोर्ट सीबीआई की रिपोर्ट से संतुष्ट, पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार

नईदिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले में फिर से सुनवाई की। इसमें मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से पेश की गई ताजा स्थिति रिपोर्ट पर संतुष्टि जताई और उसे जांच के लिए पर्याप्त समय देने की बात कही।इसी तरह कोर्ट ने विकिपीडिया को पीड़िता का विवरण हटाने का आदेश दिया। सीबीआई द्वारा पेश की गई स्थिति रिपोर्ट पर कोर्ट ने कहा, सीबीआई क्या जांच कर रही है, इसका आज खुलासा करने से प्रक्रिया खतरे में पड़ जाएगी। सीबीआई ने जो रास्ता अपनाया है वह सच्चाई को उजागर करने वाला है।

शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है विधेयक

एक देश-एक चुनाव को कैबिनेट की मिली मंजूरी-अश्विनी वैष्णव...

नई दिल्ली/ एजेंसी

'एक देश, एक चुनाव' को लेकर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के सामने रखी गई। कैबिनेट से इसे मंजूरी भी मिल गई है। कहा जा रहा है कि सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे पेश कर सकती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के एलान से पहले मार्च में यह रिपोर्ट पेश की थी। कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश करना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कोविंद समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। कोविंद समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविंद समिति की सिफारिशों पर पूरे भारत में विभिन्न मंचों पर चर्चा की जाएगी। बड़ी संख्या में दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। हम अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का प्रयास करेंगे। उच्च

स्तरीय समिति ने पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। इसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की बात कही गई है। समिति ने सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' के गठन का भी प्रस्ताव रखा है। समिति के मुताबिक, एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी। विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा। लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी। इससे 'इंडिया, जो भारत है' की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। समिति ने राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से चुनाव आयोग की ओर से एक समान मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करने की भी सिफारिश की थी। फिलहाल भारत का चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ही देखता है। नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य चुनाव आयोगों की ओर से कराए जाते हैं। बताया गया कि समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं से समर्थन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इनके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की जरूरत होगी।

पीएम बोले-लोकतंत्र को अधिक जीवंत करने की दिशा में अहम कदम...

वन नेशन-वन इलेक्शन' के मसौदे को आज मोदी सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को वन नेशन-वन इलेक्शन पर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर अपनी मुहर लगा दी। फैसले को मंजूरी मिलने के बाद अब पीएम मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए कहा कि, कैबिनेट ने एक साथ चुनाव कराने संबंधी उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। मैं इस प्रयास की अगुआई करने और विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी की सराहना करता हूं। यह हमारे लोकतंत्र को और भी अधिक जीवंत और सहभागी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, 'पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत परिवर्तनकारी सुधारों का गवाह बन रहा है। आज, इस दिशा में, केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार करने के साथ।

जल्द ही तय किया जाएगा नया ठिकाना

अरविंद केजरीवाल एक हफ्ते में खाली करेंगे सरकारी मकान

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल ने सरकारी सुविधाएं छोड़ने का निर्णय लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने बताया कि केजरीवाल एक हफ्ते में सरकारी आवास खाली कर देंगे। संजय सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री के तौर पर केजरीवाल को कई सुविधाएं मिली हुई थीं, उन्होंने इस्तीफा देने के तुरंत बाद सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने का निर्णय लिया। जबकि अन्य नेता सरकारी सुविधाओं से चिपके रहते हैं, केजरीवाल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह आवास खाली करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं, क्योंकि उन पर हमले भी हुए हैं। सिंह ने कहा, यह घर आवश्यक है, लेकिन केजरीवाल का मानना है कि उनकी रक्षा ईश्वर करेंगे। उन्होंने छह महीने जेल में भी बिताए हैं। संजय सिंह ने यह भी कहा कि अभी यह तय नहीं है कि केजरीवाल कहां रहेंगे, लेकिन जल्द ही कोई ठिकाना निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा ने पिछले दो सालों से केजरीवाल को बदनाम करने की कोशिश की है। झूठे मुकदमे लगाए गए और उन्हें भ्रष्टाचार का आरोपी बताया गया। कोई अन्य नेता ऐसा होता तो इस्तीफा नहीं देता, लेकिन अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं। संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल के इस्तीफे से दिल्ली की जनता दुखी और गुस्से में है, और लोग सवाल कर रहे हैं कि उन्हें इस्तीफा क्यों देना पड़ा। उन्होंने कहा, अगर केजरीवाल नहीं होते, तो दिल्ली का क्या होता? मुफ्त शिक्षा और इलाज कौन देगा? लोगों को इस पर सोचना होगा।

उपराज्यपाल ने दिया प्रस्ताव

21सितंबर को सीएम पद की शपथ ले सकती हैं आतिशी

नई दिल्ली/ एजेंसी

अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा के बाद दिल्ली में आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार फिर से बनने जा रही है। मंगलवार को अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया था। इसके बाद आतिशी ने सरकार बनाने के लिए अपना दावा पेश किया था। जो खबर आ रही है उसके मुताबिक के दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रपति तथा गृह मंत्रालय को पत्र भेज दिया है। इस पत्र में 21 सितंबर 2024 को आतिशी को सीएम पद की शपथ दिलाने की तिथि प्रस्तावित की गई है। हालांकि, यह सूत्रों की ओर से मिल रही। जानकारी के मुताबिक है अब तक आधिकारिक तौर पर यह नहीं बताया गया है कि आतिशी किस दिन शपथ लेंगी। केजरीवाल ने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी।उन्होंने तब कहा था कि वह मुख्यमंत्री की कुर्सी पर तभी बैठेंगे, जब जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र देगी। आबकारी नीति 'घोटाले' में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे और पिछले सप्ताह जेल से रिहा हुए आप सुप्रीमो ने मंगलवार शाम को उपराज्यपाल सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। आतिशी (43) दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री होंगी। उनसे पहले भाजपा नेता सुषमा स्वराज और कांग्रेस की शीला दीक्षित इस पद पर रह चुकी हैं।

पहली कैबिनेट में महिला सम्मान योजना

आम आदमी पार्टी से विधायक दल की नेता चुनी गईं आतिशी के नेतृत्व में बन रही दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट में दिल्ली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पास हो सकती है। संभावना जताई जा रही है कि अक्तूबर के पहले सप्ताह नई सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक होनी है। इस बैठक में कई विषयों पर चर्चा होगी। इसमें प्रमुखता के साथ दिल्ली मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर चर्चा होगी। इस योजना के लिए दिल्ली सरकार ने बजट में दो हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

एक साथ निकलीं छह अर्थिया, एक ही चिता पर किया अंतिम संस्कार.....

देवास। राजस्थान के बूंदी कस्बे में रविवार को तडक़े कार और ट्रक की टक्कर में मृत देवास जिले के बेड़ाखाल गांव के छह लोगों के शव लाए गए। यह देख स्वजन रो-रोकर बेसुध हो गए। महिलाओं व बच्चों को संभालना मुश्किल हो रहा था। एक साथ मांगीलाल, राजेश, जगदीश, महेश, पूनमचंद, मदन की अर्थियां उठीं तो हर किसी की आंखें नम हो गई थी। गांव भामर की नदी पर नर्मदा के बैकवाटर के किनारे एक ही चिता में सभी को मुखाग्नि दी गई।

इसरो तो अब कमाल ही कर देगा

गगनयान-चंद्रयान-4 के बाद अगला लक्ष्य वीनस ऑर्बिटर मिशन का इंसान को चांद पर भेजने की कवायद-वैष्णव...

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने शुक्र ग्रह की कक्षा संबंधी अभियान, गगनयान व चंद्रयान-4 अभियान के विस्तार को मंजूरी दी। बता दें कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने महत्वाकांक्षी चंद्रयान-4 मिशन के लिए तैयारी कर रहा है, जिसका उद्देश्य चंद्रमा से नमूने वापस लाना है। हालाँकि, पिछले मिशनों के विपरीत, चंद्रयान -4 मिशन में कुछ अनोखी चुनौतियाँ हैं। इसमें भारत द्वारा अब तक इस्तेमाल किया गया सबसे शक्तिशाली रॉकेट सिस्टम शामिल होगा। मिशन में कई लॉन्च शामिल हैं, जिसके बाद मॉड्यूल को अंतरिक्ष में इकट्ठा किया जाएगा। भारत के भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) को भी कई प्रक्षेपणों के माध्यम से अंतरिक्ष में इकट्ठा किया जाएगा। बीएएस का पहला खंड वर्तमान एलवीएम3 रॉकेट का उपयोग करके लॉन्च किया जाएगा, जिसका पहला प्रक्षेपण 2028 तक करने का लक्ष्य है। सरकारी मंजूरी के लिए निर्माण, आवश्यक प्रौद्योगिकियों, समयरेखा और लागत का विवरण देने वाला एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

आगामी स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रदर्शित करने वाला इसरो का पहला मिशन होगा। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-4 मिशन के लिए विस्तृत अध्ययन और आंतरिक समीक्षा पूरी हो चुकी है और लागत अनुमान जल्द ही मंजूरी के लिए सरकार को सौंपा जाएगा। वहीं केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चंद्रयान-4 मिशन का विस्तार किया गया है और इसका अगला कदम चंद्रमा पर मानव मिशन भेजना है। इस दिशा में सभी प्रारंभिक चरणों को मंजूरी दे दी गई है। इसके साथ ही वीनस ऑर्बिटर मिशन, गगनयान फॉलो-ऑन और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और अगली पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल विकास को भी मंजूरी दी गई है।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली के कॉनॉट प्लेस में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता वाहनों के साथ एनडीएमसी स्वच्छता कर्मचारी रैली को हरी झंडी दिखाई।

गरीबों को सौ गज जमीन

महिलाओं को हर माह दो हजार रूपए देंगे...

चंडीगढ़। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की गारंटी का एलान किया। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, और हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान भी मौजूद थे। सात वादे, पक्के इरादे के तहत कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में सात बड़ी गारंटी दी हैं। कांग्रेस ने इस गारंटी के तहत राज्य के विकास और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण वादे किए हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर हरियाणा के नागरिकों को बेहतर प्रशासन और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित करेगी और किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाएगी।

जम्मू कश्मीर पहले चरण का मतदान खत्म

जम्मू कश्मीर में इंद्रवल सीट पर 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

नई दिल्ली/ एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए बुधवार शाम को मतदान खत्म हो गया। पहले दौर में सात जिलों की कुल 24 सीटों के लिए वोटिंग हुई। शाम 5 बजे तक यहां करीब 58 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा 77.23 फीसदी वोटिंग किश्तवाड़ जिले में तो सबसे कम पुलवामा जिले में 43.87 फीसदी दर्ज की गई। किश्तवाड़ जिले की इंद्रवल सीट पर 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई है। इस चरण में मतदाता 219 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा। पहले दौर में जहां मतदान हुआ, उनमें अनंतनाग की सात, पुलवामा की चार, किश्तवाड़, कुलगाम और डोडा की तीन-तीन और रामबन और शोपियां जिले की दो-दो सीटें शामिल हैं। जम्मू कश्मीर में मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन, पीडीपी के बीच माना जा रहा है। भाजपा ने जम्मू में जहां सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं वहीं दूसरी ओर कश्मीर में कुछ ही प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। कांग्रेस नेकां के साथ गठबंधन में है और इसने जम्मू क्षेत्र में ही ज्यादातर चेहरे उतारे हैं। महबूबा मुफ्ती की पीडीपी दोनों क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा अन्य छोटे दलों ने भी मुकाबले को दिलचस्प बनाने की कोशिश की है। जम्मू-कश्मीर में आज पहले चरण के तहत वोट डाले जा रहे है। वहीं,

मतदाताओं की पहचान को लेकर विरोध प्रदर्शन के बाद किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ले में एक मतदान केंद्र पर मतदान कुछ देर के लिए रोक दिया गया। किश्तवाड़ से बीजेपी उम्मीदवार शगुन परिहार ने कहा कि पीडीपी उम्मीदवार यहां आए और कहा कि यह लड़की पीड़ित कार्ड खेल रही है और सहानुभूति पाने की कोशिश कर रही है। मुझे बुरा लगा। मैंने कहा कि मैं विक्टिम कार्ड क्यों खेलूंगी और कहा कि आपने मुझे विक्टिम बनाया है। उन्होंने मुझे धक्का देने की कोशिश की। पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता उस जगह घुस गए जहां वोटिंग हो रही थी। किश्तवाड़ के डीएम राजेश कुमार शवन ने कहा कि यहां लोगों के बीच कुछ भ्रम था, यहां भीड़ थी, उसे सुलझा लिया गया है। पहचान को लेकर कुछ दिक्कत थी, एक व्यक्ति के पास पहचान पत्र नहीं था। स्थिति सामान्य है, मतदान फिर से शुरू हो गया है। जम्मू-कश्मीर में करीब एक दशक के अंतराल पर हो रहे विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बुधवार को चिनाब घाटी में बड़ी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे।

रायगढ़ जिले में 900 से अधिक शहरी परिवारों को मिली खुशियों की चॉबी

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही सरकार का लक्ष्यः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रांसफर की। 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायगढ़ शहरी क्षेत्र के 900 से अधिक हितग्राहियों को पांव पखार कर गृह प्रवेश के लिए चॉबी सौंपी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी उपस्थित थी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रूप से जुड़कर आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुए हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। 10 सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महत्वपूर्ण और खुशी का दिन है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यहां आपको गृह प्रवेश करवाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के सतत विकास के लिए छत्तीसगढ़ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। शासन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए पीएम आवास के कार्यों को प्राथमिकता से कर रही है। जिससे बड़ी संख्या में लोगों का पक्के आवास का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों के गृह प्रवेश कर रहे हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार के लिए आज संतुष्टि का दिन है।

बुजुर्ग महिला हितग्राहियों का पांव पखार कर सौंपी घर की चॉबी- वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज पीएम आवास योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के शहरी इलाकों के 900 से अधिक हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चॉबी प्रदान कर गृह प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने दो वरिष्ठ महिला हितग्राही धरमजयगढ़ निवासी खिमला राठिया एवं लैलूंगा की सलमा मोमिन के पांव पखारे और उन्हें ससम्मान घर की चॉबी सौंपी। ज्ञात हो कि रायगढ़ शहरी क्षेत्र अंतर्गत 9620 स्वीकृत आवासों में 8133 पूर्ण हो चुके है, जिसमें से 900 से अधिक हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु स्थायी प्रतीक्षा सूची के 38,796 एवं आवास प्लस के 6305 कुल 45,101 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जो कि छत्तीसगढ़ के जिलों को प्राप्त सर्वाधिक लक्ष्य में 5 वें स्थान पर है। जिले के 26,255 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की गई है। जिले में विगत एक वर्ष में 12,589 आवास पूर्ण किए गए है।

वित्त मंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ-

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान उपस्थित सांसद, जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकों ने साल में 100 घंटे स्वच्छता के लिए समर्पित करने की शपथ ली। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा 17 से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा, संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता अभियान शहर में चलाया जाएगा। इस दौरान केलो महा सफाई अभियान सहित प्रति दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री जनदर्शन 19 को

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास में 19 सितंबर को जनदर्शन आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनदर्शन में लोगों से सीधे रुबरु होकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। जनदर्शन का आयोजन सबेरे 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा।

PMGSY के निर्माणाधीन कार्यों का परीक्षण करेंगे राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक

रायपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी, नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों में तृतीय स्तर के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे कांकेर, कोंडागांव, कोरिया और सूरजपुर जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। संबंधित जिले के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत साझा की जा सकती है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण (Chhattisgarh Rural Road Development Agency) के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक नीलमाधब साहू (मोबाइल नम्बर 9437111027) सितम्बर माह में कोरिया और सूरजपुर जिले में सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। वहीं राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक अब्दुल माजिद सबनम (मोबाइल नम्बर 9419130403 और 7006290384) चालू सितम्बर माह में कोंडागांव और कांकेर जिले में सड़कों की गुणवत्ता जांचेंगे।

कचरा प्रबंधन कर गांव को स्वच्छ बना रही स्वसहायता समूह की महिलाएं

ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ जैविक खाद भी बना रहा समूह

रायपुर। बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम डोड़की में स्वसहायता समूह की महिलाएं कचरा प्रबंधन कर अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का कार्य कर रही हैं। कचरा प्रबंधन से जैविक खाद बनाने में समूह की दीदियां अहम भूमिका निभा रही हैं। शासन द्वारा दिए जा रहे सहयोग से समूह की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुधार आया है और वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों में बखूबी अपना योगदान दे रही हैं।

ग्राम पंचायत केवांछी के आश्रित ग्राम डोड़की के जय मां अम्बे समूह की महिलाओं ने बताया कि गांव में मनरेगा के तहत एसएलडब्ल्यूएम शेड, नाफेड एवं वर्मी टैंक का निर्माण किया गया है। इन कार्यों के लिए मनरेगा से दस लाख 29 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे। शेड के माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट के रूप में निकलने वाले कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है। समूह की महिलाएं अपने तिपहिया वाहन में घर-घर घूमकर कचरा एकत्र कर शेड में लाकर इन कचरों से खाद बना रही हैं।

डोड़की के रहवासियों ने बताया कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन शेड के निर्माण से गांव में अस्वच्छता संबंधी समस्याओं का निदान हुआ है। गांव में अब स्वच्छता का माहौल बना रहता है। महिलाओं द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य रोज किया जा रहा है। गांव में हर परिवार को नीले एवं हरे रंग का डस्ट-बिन दिया गया है। कचरा संग्रहण के लिए तिपहिया वाहन खरीदे गए हैं। जय मां अम्बे समूह ने गांव को रोगमुक्त रखने का भी बीड़ा उठाया है। समूह की महिलाएं जन-चौपाल लगाकर गांववालों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारियां भी दे रही हैं। कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट से तैयार जैविक खाद और ठोस कचरे के रूप में प्राप्त प्लास्टिक की बिक्री से समूह को सालाना 30 हजार से 40 हजार रुपए तक की आमदनी अनुमानित है। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे इस कार्य से बहुत खुश हैं। इससे हो रही आय से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। गांव में पहले इधर-उधर कचरा फैले होने से गंदगी का वातावरण रहता था और बीमारियों का खतरा बना रहता था। ठोस एवं तरल कचरा खुले में जगह-जगह पड़ा रहता था। लेकिन अब समूह द्वारा कचरे का सही प्रबंधन किया जा रहा है। गांव में पेयजल की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

उप पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक, विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

रायपुर। रायपुर जिले में वीआईपी और वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस ट्रांजिट मेंस, पुलिस लाइन रायपुर के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर के निर्देशन में की गई। बैठक की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक, लाइन, रायपुर निलेश कुमार द्विवेदी ने की। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें सुरक्षा खतरे का आकलन, सुरक्षा योजना तैयार करना, और सुरक्षा से संबंधित गोपनीय विषय शामिल थे। विभिन्न सुरक्षा श्रेणी वाले व्हीआईपी के निवास स्थानों पर तैनात स्टैटिक गार्ड कमांडर से बारी-बारी से औपचारिक पूछताछ की गई और ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई।

जम्मू-कश्मीर में चुनाव ड्यूटी पर बल की तैनाती- बैठक में यह भी बताया गया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की 04 कंपनियां जम्मू-कश्मीर चुनाव ड्यूटी पर भेजी गई हैं, और चुनाव के बाद इन कंपनियों को वापस बुलाकर व्हीआईपी सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा।

सुरक्षा मानकों पर विशेष जोर- बैठक में गार्ड कमांडरों को यह निर्देश दिया गया कि जवानों को उचित वर्दी, फायर टास्क, और सुरक्षा मानकों के अनुरूप ड्यूटी निभाने की जानकारी दी जाए। उन्हें स्थानीय पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारियों के संपर्क नंबर रखने और जवानों के अनुशासन को बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को उनके शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने के लिए व्यायाम, हथियारों की देखभाल, और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष निर्देश दिए गए। इस बैठक में रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा, कंपनी कमांडर शरबराज सिन्हा, प्लाटून कमांडर रामूराम नरेटी, और लगभग 120 कर्मचारी उपस्थित थे।

स्टार्टअप्स से ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले : राज्यपाल डेका

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय दुर्ग अंतर्गत गठित ग्रामीण प्रौद्योगिक और उद्यमिता फाउंडेशन के तहत किये जा रहे स्टार्टअप्स का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने सभी स्टार्टअप्स की सराहना करते हुए इसे आम व्यक्ति के लिए सरल व सुलभ बनाने पर बल दिया।

राज्यपाल डेका ने सभी उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न योजनाओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि स्टार्टअप्स के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ सके ऐसी योजनाएं बनाई जाए। इस संबंध में उन्होंने उद्यमियों को मार्गदर्शन और सुझाव दिये।

राजभवन के कांफ्रेंस हॉल में आज उद्यमियों ने 6 स्टार्टअप्स योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। विनिता पटेल ने ग्रामीण महिलाओं विशेषकर आदिवासी समुदाय की महिलाओं को ध्यान में रखते हुए पुनः उपयोग में आ सकने वाले सेनेटरी पैड निर्माण की योजना बताई। करण चंद्राकर ने केले पौधे के अपशिष्ट से

कपड़ा, कप-प्लेट, ईट आदि उत्पादन की योजना बताई। राहुल बघेल ने सौर ऊर्जा के उपयोग से आत्मनिर्भर गांव एवं विभिन्न कुटीर उद्योगों पर प्रस्तुतीकरण दिया। उद्यमी रविन्द्रकुमार धुरंधर ने कुपोषण पीड़ितों के लिए इंस्टेट फूड उत्पाद की योजना पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

अंकेश बंजारे ने आदिवासी कलाकारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की योजना बताई तथा पुरूषोतम, अजय कुमार, सिद्धार्थ सिंह ने उच्च क्षमता वाले ड्रोन के माध्यम से कृषि फसलो की निगरानी की योजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सहकार भारती (छ.ग.) डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी ग्रामीण प्रौद्योगिकी और उद्यमिता फाउंडेशन के संचालक डॉ. आर. एन. पटेल, सीईओ अग्रांशु द्विवेदी तथा उद्यमी उपस्थित थे।

पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अस्पताल में भर्ती, मिलने पहुंचे सीएम माझी

रायपुर/भुवनेश्वर। छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की तबीयत मंगलवार को अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरिचंदन के बीमार पड़ने की सूचना मिलने पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य प्रमुख नेता अस्पताल पहुंचे और उनकी स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री माझी ने अस्पताल में विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने डॉक्टरों से चर्चा कर हरिचंदन के इलाज के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को तुरंत मुहैया कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और डॉक्टरों को भी पूर्व राज्यपाल की हरसंभव देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुलाकात के दौरान, ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन, जो कि विश्वभूषण हरिचंदन के पुत्र हैं, भी मौजूद थे। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी हरिचंदन की तबीयत बिगड़ने पर चिंता व्यक्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम पूर्व राज्यपाल की सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है और उनका इलाज जारी है।

एमेज़ॉन ने त्योहारों के लिए अपना लॉजिस्टिक्स नेटवर्क मजबूत किया, 3 नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च किए

बैंगलुरू: आगामी त्योहारों की तैयारी में एमेज़ॉन इंडिया ने आज दिल्ली एनसीआर, गुवाहाटी और पटना में तीन नए फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च करने की घोषणा की। ये नए फुलफिलमेंट सेंटर एमेज़ॉन के मौजूदा फुलफिलमेंट नेटवर्क के विस्तार के साथ उत्तर और पूर्व भारत में डिलीवरी में तेजी लेकर आएंगे। इस निवेश से इन राज्यों के विक्रेताओं को अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलेगी क्योंकि उनके उत्पाद ग्राहकों तक ज्यादा तेजी से पहुँच सकेंगे। इससे हजारों नौकरियों के अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ये नौकरियाँ एमेज़ॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क में विभिन्न भूमिकाओं के लिए होंगी, जिनमें पूर्णकालिक और अंशकालिक नौकरियों के अवसर शामिल हैं। ये फुलफिलमेंट सेंटर तैयार हैं और आगामी त्योहारों से पहले संचालन करना शुरू कर देंगे। इन फुलफिलमेंट सेंटर्स से दिल्ली एनसीआर, बिहार और असम के 2.5 लाख से ज्यादा विक्रेताओं को मदद मिलेगी। एमेज़ॉन के ऑपरेशंस नेटवर्क के अधिकांश भवनों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रभावशाली बिल्डिंग प्रणाली है ताकि इनमें बिजली का उपयोग कम से कम हो। इन्हें नेट वॉटर जीरो भवनों के रूप में डिज़ाईन किया गया है, और रेन वॉटर कलेक्शन टैंक्स, रिचार्ज वैल्स द्वारा पानी को एक्वीफर, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स आदि में एकत्रित किया जाता है। यहाँ काम करने का समावेशी वातावरण मिलता है। एमेज़ॉन के फुलफिलमेंट सेंटर्स का डिज़ाईन दिव्यांगों के लिए भी सुविधाजनक बनाया गया है। इस बारे में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, "एमेज़ॉन इंडिया स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए असम में अपनी क्षमताएं बढ़ा रहा है, जिससे मेरा मानना है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और रोज़गार की वृद्धि होगी। मुझे उम्मीद है कि इस क्षमता विस्तार से एमेज़ॉन लाखों स्थानीय रिटेलर्स को लाभ पहुंचाएगा जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में भी योगदान मिलेगा।

श्वेतांबर दिगम्बर परम्परा के पर्युषण पर्व के पश्चात पूनम को दादागुरुदेव की पूजा संग क्षमापना

सकल जैन समाज ने 84 लाख जीवायोनि से की क्षमायाचना

रायपुर। आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में श्वेतांबर दिगम्बर परम्परा के पर्युषण पर्व पश्चात सकल जैन समाज ने 84 लाख जीवायोनि से मन वचन काया से क्षमायाचना की व सभी जीवों को क्षमा प्रदान की। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि चारों दादागुरुदेव ने जिनमार्ग में क्षमा को श्रेष्ठ धर्म बताया है। क्षमा मांगना व क्षमा प्रदान करना वीरों का कार्य है और महावीर स्वामी के अनुयायी ही यह कार्य करते हैं।

जैन दादाबाड़ी में सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में दादागुरुदेव का जयकारा लगाते हुए बड़ी पूजा का आगाज स्थापना के मंत्रों के साथ किया स्थापना नारियल चावल एवं द्रव्य के समर्पण मंत्र के साथ की। इसकी जानकारी देते हुए सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा की,

स्थापना के पश्चात ,बड़ी पूजा का प्रारंभ संगीतमय चोपाई दोहों के साथ सुप्रसिद्ध भजन गायिका दिप्ती बैद ने किया। इसी प्रकार बड़ी पुजा के आठ विधान क्रमश सुप्रसिद्ध गायक वर्धमान चोपड़ा निर्मल पारख, श्रीमती पूनम चोपड़ा द्वारा संगीतमय प्रस्तुतियो व भजनों से लगातार 4 घंटे तक मंदिर व दादाबाड़ी प्रांगण में भक्ति रस की गंगा प्रवाहित होती रही। यही नही निर्मल पारख के भजन के ये बोल, चांद सा सुंदर चेहरा तेरा नैन है अमृत के प्याले, वो तो कोई और नहीं है वो तो है मेरे दादा गुरु प्यारे के द्वारा सभी भक्तो को भक्ति के आनंद से सरोबार कर दिया। इस प्रकार अष्ठ प्रकारी पूजा क्रमश, जल,चंदन,पुष्प, धूप, दीप , चावल, नेवेध्य, फल, का दादा गुरुदेव की मूर्ति के सम्मुख समर्पण लाभार्थी परिवारों द्वारा किया गया। तत्पश्चात, वस्त्र पूजा एवम अंतिम विधान ध्वजपूजन में महिलाओं द्वारा सिर में चांदी की 11 ध्वजा को रखकर कलात्मक मार्बल की छतरी की तीन फेरी देकर शिखर पर ध्वजा विराजमान की गई पूजा का समापन आरती एवम मंगल दीपक को साथ संपन्न हुआ। पूजा में प्रमुख रूप से पदम गोलछा, महेन्द्र कोचर , वर्धमान चोपड़ा , निर्मल पारख , प्रवीण चोपड़ा , संतोष झाबक , जयंती लोढ़ा , अशोक कोचर , डॉ योगेश बंगानी, विमल सुराना , ललित लुनिया , प्रमोद टाटिया , तनय लुनिया , शैला बरडिया , वर्षा सांखला , कीर्तिलोढ़ा , दिप्ती बैद ,पूनम बरमट आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जिले के 48 हजार 353 परिवारों के आवास का सपना होगा पूरा

आवासहीनों को पक्का मकान देने की गारंटी हो रही पूरी

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आज जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर जिले के 48 हजार 353 हितग्राहियों के खाते में ऑनलाईन राशि का आंतरित किया। इस अवसर पर विधायक जाजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, गुलाब सिंह चंदेल, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया

जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनानी चाहिए तथा अपने घर, मोहल्ले, गांव, शहर, जिला एवं राज्य को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने की जिले के नागरिकों से अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के 48 हजार 353 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत के सूचना बोर्ड पर चस्पा किया गया है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटन दबाकर पहली किश्त जारी की है। ये राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में जाएगा। प्रधानमंत्री आवास के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा पैसे की मांग किये जाने पर हितग्राही संबंधित अधिकारी अथवा कलेक्टर से सीधे शिकायत कर सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रथम किश्त जारी होने पर सभी हितग्राहियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कार्यक्रम में गुलाब सिंह चंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आवासहीनो को सर्वसुविधायुक्त मकान उपलब्ध करा रहें है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिले को स्वच्छ बनाने के लिए सभी नागरिको की भागीदारी जरूरी है, जिससे हमारा जिला स्वस्थ जांजगीर-चांपा की तरह स्वच्छ जांजगीर-चांपा भी बने। इस अवसर पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति आदेश का टोकन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ राज्य के 5 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए पहली किश्त 2044 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ।

विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित

- **कलेक्टर, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों सहित सभी वर्ग के लोगों ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

जांजगीर-चांपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्पना थीम पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में लगाई गई। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवनी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित छायाचित्रों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा, गुलाब सिंह चंदेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शनी की सराहना की। छायाचित्र प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक समाहित है। प्रदर्शनी में मोदी के बचपन, पाठशाला, माँ से मिला ईमानदारी का संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मेक इन इंडिया, मोदी 3.0, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की झलक प्रदर्शित की गई।

विश्वकर्मा जयंती पर मनोज ने दी बधाई

जांजगीर चांपा। भगवान विश्वकर्मा की जयंती का उत्सव हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है ,यह बात पूर्व एल्डरमैन एवं समाजसेवी मनोज कालू अग्रवाल ने कहा है ,उन्होंने आगे कहा कि खासकर इंजीनियरों ,कारीगरों ,मजदूरों, फैक्ट्री कर्मचारी, वास्तुकारों और मूर्तिकारों के लिए, यह उनके लिए भगवान विश्वकर्मा का सम्मान करने और अपने व्यवसायों और प्रयासों में सफलता के लिए उनका आशीर्वाद लेने का एक महत्वपूर्ण दिन है द्य यह शुभ अवसर प्रशंसा और प्रतिज्ञता के समय के रूप में कार्य करता है जहां लोग हमारी दुनिया को जाकर देखने वाले दिव्य शिल्प कौशल को स्वीकार करते हैं द्यमनोज ने कहा कि आप चाहो तो खंडहर को भी, बना देते हो स्वर्ग सा महल, अद्भुत है आपकी शिल्पकारी, आपको जो पूजे सब नर और नारी, विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं ।

धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

चांपा। भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चांपा द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी का 74 वा जन्मदिन केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाया गया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने कहा कि भारत के 15वें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने जीवन के सफलतापूर्वक 74 वर्ष पुरे कर लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष अपने सेवा समर्पण और सुशासन के कार्यकाल के 11वें साल में प्रवेश कर चुके है और उनके नेतृत्व मे हम विकसित भारत के सपने को पुरा होते देख रहे है अभी हमारी पार्टी का पुरे देश मे सदस्यता अभियान चल रहा है और युवा किसान महिलाए बुजुर्ग सभी वर्ग बढ़ चढ़कर भाजपा

का सदस्य बन रहे है आज मोदी जी जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी को याद करते हुए उनके जयंती पर सभी की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई आज के कार्यक्रम मे पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा यशवंत साहु अनुराधा शुक्ला मण्डल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी रवि पांडेय प्रदीप शराफ राम खुबवानी अजित गढ़वाल धर्मेंद्र राणा मुकेश जायसवाल पंकज अग्रवाल अनिल शर्मा दिनेश राठौर रितेश अग्रवाल प्रेमलता कौशिक संतोषी दुबे पलाश चंदेल पुष्पेनदर सिंह गजेंद्र सिंह अजय कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी ने स्वच्छता अभियान चलाया

चांपा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत शूभ है क्योकि आज भगवान विश्वकर्मा जी का दिवस है और आज के दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश मे श्रमिक दिवस के रूप मे मनाने को कहा है आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसके सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी है जिनके जन्मदिन को आज हम स्वच्छता अभियान कर मना रहे है और आज के दिन से पुरे पन्द्रह दिन भारतीय जनता पार्टी पुरे जिला मे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी आज उपस्थित कार्यकर्ताओ द्वारा नगर के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक मे परिसर की साफ सफाई कर अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओ ने वीर शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया उक्त कार्यक्रम मे प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन जिला उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक अभिमन्यु राठौर पंकज अग्रवाल राहुल सेन योगेश चौरसिया सूर्यकांत सिंह सुरेंद्र यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मदिरापान करने वाले सावधान, देशी शराब की बोतल में केंचुआ देख ग्राहक हैरान

रायगढ़। जिले के पुसौर में देशी शराब की शीशी में केचुआ मिला है। ग्राहक ने शीशी में केचुआ मिलने की बात सेल्समैन से कही तो तत्काल उसने दूसरी शीशी दे दी। इस दौरान शराब ग्राहक ने कहा कि इसे पीकर जान भी जा सकती थी। मामला पुसौर के देशी शराब दुकान का है। शराब ग्राहक ने बताया कि इस तरह के कई मामले कुछ दिन पहले रायगढ़ के देशी शराब दुकान में सामने आ चुके हैं, लेकिन आबकारी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। कभी छिपकली तो कभी कीड़े तो कभी केचुआ निकल रहे हैं। इस लापरवाही पर कार्रवाई भी नहीं की जा रही है। ग्राहक से जब हमने चर्चा किया, तो उसने बताया कि यह काफी गलत बात है कि शराब की शीशी में कीड़ा मिल रहा है। कोई जहरीला कीड़ा भी हो सकता

है और अगर इसे कोई नजरअंदाज करता है तो उसकी जान भी जा सकती है। उनका कहना है कि पहले भी शराब की शीशी में कीड़ा, छिपकली का हड्डी तो कभी केचुआ निकलने का मामला सूनने को मिला है।

नवरात्रि पर्व पर धूम रहेगी रानी सती दादी मंदिर चांपा में.....

जांजगीर चांपा। अद्भुत अलौकिक अति सुन्दर छत्तीसगढ़ का झुन्झुनूं धाम श्री नारायणी धाम दादी मंदिर मे चांपा मे 09 दिवसीय 2100 मनोकामना अखण्ड ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा।

कुंवार नवरात्रि के अवसर पर दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से 11अक्टूबर 2024 तक यह ज्योति जलाई जाएगी। यहां घी अखण्ड ज्योत की राशि 3100 रखी गई है। जो भी भक्त दादीजी के मंदिर मे मनोकामना ज्योत जलवाना चाहते हैं। जो दादी जी के भक्त अपनी ज्योत स्वयं अपने हाथो से प्रज्वलित करना चाहते है। उन्हें 03 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे तक श्री नारायणी धाम मंदिर पहुंचना होगा। ज्योत दर्शन एवं पुजा जिन्हें भी ज्योत जलवाना है वे सुबह 6 बजे से रात्री 10 बजे तक किसी भी समय आकर अपने ज्योत की पुजा करवा सकते हैं तथा ज्योत का दर्शन सभी भक्त कर सकते हैं। जिन भक्तों को रानी सती दादी मंदिर में दीप प्रज्वलित करवाना है वह निम्न नंबर में संपर्क कर सकते हैं। 91311-83375789 84-76793 78281-70691 ममता अग्रवाल 70002-85750 महेन्द्र सावी मित्तल 93295-09625 इसके अलावा सीधे मंदिर परिसर एवं अन्य भक्तों से भी संपर्क कर भी प्रज्वलित कर सकते हैं।

अंततः न्यायालय से मिली डॉ. राजेश चन्द्रा को क्लीन चिट 12 साल बाद अनुपातहीन संपति के मामले में मिला न्याय

चांपा। एक पुरानी कहावत है कि सत्य परेशान हो सकता हैं लेकिन पराजित नहीं। इस कहावत को चरितार्थ किया हैं प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम जांजगीर शैलेन्द्र चौहान के 29 अगस्त 2024 को दिए गए फैसले ने आज से ठीक बारह वर्ष पूर्व एसीबी ने नगर के सुप्रसिध्द सर्जन डॉ. आर. के. चन्द्रा के निवास पर छापामार कार्यवाही करते हुए उनके विरुध्द अनुपातहीन संपति का मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया था। जिसमें देर से ही सही अंततः न्याय तथा सत्य की जीत हुई हैं।आज से बारह वर्ष पूर्व सन 2012 के इस प्रकरण में नगर के परशुराम चौक के पास निवासी सर्जन डॉ. राजेश चन्द्रा पर कार्यवाही करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने उनके खिलाफ अनुपातहीन संपति का प्रकरण कायम किया था। इस दौरान डॉ. चन्द्रा सर्जरी विशेषज्ञ मालखरौदा के पद पर पदस्थ थे। इस समय उन्होंने ऐच्छिक सेवानिवृत्ति का विभाग को नोटिस दिया था जिसकी अवधि 23 जून 2012 को पूर्ण हो चुकी थी। लेकिन इसके बाद भी उनके नगर के आवास पर 26 जून 2012 को एसीबी ने छापामार कार्यवाही कर प्रकरण कायम किया था। मामले की विस्तृत जाँच के बाद विवेचना अधिकारी बिलासपुर तथा एस.पी. एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर ने डॉ. चन्द्रा के खिलाफ अनुपातहीन संपति ना पाते हुए इस प्रकरण को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। अगस्त 2024 में माननीय न्यायालय द्वारा अनुपातहीन संपति न पाए जाने पर तथा विभिन्न हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के फैसलो का उदाहरण देते हुए डॉ. आर. के. चन्द्रा के विरुध्द कायम अनुपातहीन संपति के इस प्रकरण में खात्मा स्वीकार कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. राजेश चन्द्रा अपनी शासकीय सेवा के दौरान कभी भी किसी प्रशासनिक तथा वित्तीय अधिकार के पदो पर पदस्थ नहीं रहे। ऐसे में उनके द्वारा भ्रष्टाचार कर अनुपातहीन संपति अर्जित करने का सवाल ही नही पैदा होता हैं। उन्हें प्राइवेट प्रेक्टिस करने की छूट मिली हुई थी। इसके अलावा उन्हें दूरबीन नसबंदी ऑपरेशन का भी शासन द्वारा भुगतान किया जाता था और उनकी चिकित्सक पत्नी का भी नगर में स्वयं का हॉस्पिटल एवं उनके पुत्र का भी व्यवसाय हैं। सभी लोग अपनी आय पर नियमित आयकर का भुगतान करते हैं।दरअसल पुरा मामला प्रायोजित था जिसकी वजह से डॉ. आर. के. चन्द्रा जैसे वरिष्ठ और एल.टी.टी. सर्जन को मालखरौदा जैसी जगह पर पोस्ट करके उनके खिलाफ छापामार कार्यवाही की गई।

सूत्रों के अनुसार अपनी शासकीय सेवा के दौरान विभागीय भ्रष्टाचार को समय-समय पर उजागर करने की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी और अपमानित होना पड़ा हैं। परंतु देर से ही सही उन्हें बारह वर्ष बाद आखिरकार न्याय मिला जिससे अंततः सत्य की जीत माना जा रहा हैं। संभवतः जिले का यह पहला मामला हैं जिसमें न्यायालय द्वारा खात्मा स्वीकार किया हैं।

फ्री हेल्थ चेक अप कैंप का हुआ आयोजन दिए गए बीमारियों से बचने के टिप्स

- **रोटरी क्लब द्वारा चाइल्ड हेल्थ से जुड़े कई तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन**

जगदलपुर। रोटरी क्लब ऑफ़ जगदलपुर एवं स्कूल हेल्थ प्रो के माध्यम से संचालित जगदलपुर के रोटरी भवन में बुधवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप व फ्री हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जो 18 सितंबर से 21 सितंबर तक चार दिवसीय एडवांस्ड मेडिकल चेकअप कैंप बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। कैंप में सभी डॉक्टर्स एम्स से प्रशिक्षित है। इस कैंप में 60 से अधिक जांच कराए जा रहे हैं।इस पूरे कैंप को डॉक्टर तन्मय मोतीवाला नेतृत्व कर रहे हैं जो चाइल्ड सर्जन है।डॉ राधेश्याम सिंह ने दर्जनों छात्र-छात्राओं को हेल्थ चेकअप किया और उन्हें फ्री हेल्थ टिप्स की जानकारी भी दी।कैंप में बताया गया कि किस प्रकार के बच्चों की दैनिक दिनचर्या में होने वाले विभिन्न प्रकार की क्रियाकलापो को किया जाए।डॉक्टर ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चे अपना खास ध्यान रखें। मौसम बदलने के साथ ही बीमारियों का प्रकोप भी शुरू हो जाता है।सबसे पहले बच्चे इनकी चपेट में आते हैं इसलिए इस मौसम में सर्दी खांसी जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए खासा ख्याल रखें। रोटरी क्लब द्वारा चाइल्ड हेल्थ से जुड़े कई तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस कैम्प मे 10 स्कूलो से 900 से ऊपर बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया है।इस कैंप में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क जांच और प्राइवेट स्कूलों के सक्षम बच्चों के लिए नॉमिनल फीस लेकर जांच किया जा रहा है। इस कैंप में डॉ हिमांशु, डॉ तन्मय, डॉक्टर अमन, डॉ राधेश्याम, डॉ मधु, डॉ सौरभ, डॉ रिद्धिमा, डॉक्टर अंजलि, दिलीप, आकिब, उज्जवल,श्याम अपनी सेवा दे रहे हैं। रोटरी क्लब अध्यक्ष सीए विवेक सोनी ने बताया छत्तीसगढ़ में यह केम्प पहली बार आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पूरे भारत से एम्स से प्रशिक्षित डॉक्टर इस कैंप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस कैंप का उद्देश्य भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों का पूर्व परीक्षण एवं रोकथाम करना है। इस कैंप में 60 से अधिक जांच समस्त बच्चों के किए जा रहे हैं।

विधायक, कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत

हाई स्कूल मैदान से कचहरी चौक तक स्वच्छता रैली का हुआ आयोजन

- **स्वच्छता बनाए रखने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की ली शपथ**

जांजगीर-चांपा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आज शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर से कचहरी चौक जांजगीर तक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली के पश्चात जांजगीर-चांपा विधायक श्री ब्यास नारायण कश्यप, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने बुधवारी बाजार रोड में झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। उन्होंने सभी जिलावासियों को

स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की। अभियान के तहत सभी ने सामूहिक रूप से रैली में भाग लेकर नारा एवं पोस्टर-बैनर के माध्यम से साफ-सफाई, कूड़ा प्रबंधन और पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़ने का संदेश दिया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री ब्यास नारायण कश्यप ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। गांवों, शहरों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन-जागरूकता से ही जिला स्वच्छ और सुंदर बनेगा। उन्होंने सभी को भगवान विश्वकर्मा जयंती की भी शुभकामनाएं दी। रैली के पश्चात कचहरी चौक के पास सभी ने अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री भगवान दास गढेवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री आशुतोष गोस्वामी, सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं, आमजन उपस्थित थे।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों को हो रहा आयोजन

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण अभियान जन समुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आन्दोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान एनिमिया, वृध्दि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढाई भी, बेहतर प्रशासन व पारदर्शिता एवं कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी एवं समग्र पोषण पर गतिविधीयां आयोजित किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत जिले में पोषण एवं स्वच्छता रैली, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (व्हीएचएसएनडी) में गर्भवती, एवं शिशुवती माताओं का स्वास्थ्य एवं एनीमिया जांच, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समन्वय से हेण्डपंप के आस-पास के साफ-सफाई, बच्चों का हाथ धुलाई प्रदर्शन एवं कलस्टर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार वं स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जानकारी जनसमुदाय को दिया गया अपने खान पान में मौसमी फल हरी सब्जी भाजी तथा पौष्टिक आहार सेवन करने से होने वाले फायदें के बारे में बताया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, वार्ड के पंच द्वारा घर-घर जाकर स्वच्छता के संबंध लोगों को जागरूक किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार वितरण (रेडी टू ईट फुड) किया गया। वजन हेतु उपस्थिति बच्चों के पालकों को पोषण स्तर का आकलंन हेतु प्रति माह आंगनबाडी केन्द्रों में आकर वजन ऊचाई मापन करवाने व पोषण स्तर के बारे में जानने हेतु प्रेरित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

गांव-गांव में चला सामूहिक स्वच्छता अभियान स्वच्छता ही सेवा की ली नागरिकों ने शपथ

जांजगीर। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की सेवा के तहत श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की गई और स्वच्छता की सेवा की शपथ ली गई। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा 2024 की थीम के अंतर्गत सामूहिक स्वच्छता अभियान, सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। जिले में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन क्लस्टर कोर्डिनेटर, ब्लॉक फेलो, सरपंच, सचिव एवं समूह की दीदियाँ (स्वच्छताग्राही) एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बलौदा महात्मा गांधी नरेगा शाखा में स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाया गया। पहरिया में उमंग महिला क्लस्टर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्वच्छता रंगोली, स्वच्छता रैली, मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और पहरिया बस स्टेंड, मंदिर और चौक चौराहा को साफसफाई किया गया जिसमें क्लस्टर के सभी कैडर सहित आम जनता शामिल हुई।

अस्थाई पटाखा लायसेंस हेतु 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते

जांजगीर। दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई पटाखा लाइसेंस हेतु इच्छुक आवेदकों से 20 सितम्बर से 04 अक्टूबर तक लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदक विस्फोटक नियम 2008 के तहत निर्धारित प्रारूप-एल ई 05 में आवेदन के साथ स्वयं का 03 पासपोर्ट आकार का कलर फोटो, फोटोयुक्त परिचय पत्र आधार कार्ड जिसमें जिला जांजगीर-चांपा अंकित हो एवं नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र नजरी नक्शा अंकित हो के साथ 600 रुपए का चालान (0070-अन्य प्रशासनिक सेवायें, 60-अन्य प्राप्तियां, 103-विस्फोटक पदार्थों हेतु) जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

तिल मात्र भी परिग्रह नहीं रखना ही दशलक्षण का नवमां धर्म उत्तम आकिंचन्य धर्म है

कोरबा। ज्ञानानंद स्वाभावी आत्मा को छोड़कर किंचित मात्र भी पर पदार्थ तथा पर के लक्ष्य से आत्मा में उत्पन्न होने वाले मोह, राग, द्वेष के भाव आत्मा के नहीं है। ऐसा मानना और ज्ञानानंद स्वभावी आत्मा के आश्रय से उनसे विरत होना, उन्हें छोड़ना ही ष्उत्तम आकिंचन्य धर्मष् है। आकिंचन्य सबसे बड़ा धर्म है। जगत में जितनी भी हिंसा, झूठ, चोरी व कुटिल कार्य होते हैं ।अथवा परिग्रह प्रवृत्तियां देखी जाती हैं। उन सबके मूल में परिग्रह ही है। परिग्रह सब पापों की जड़ होने से सबसे बड़ा पाप है ।आकिंचन्य धर्म को धारण कर सभी प्राणी पूर्ण सुख को प्राप्त करें ।महावीर स्वामी ने ऐसा कहकर पवित्र भावना के साथ विराम लिया है। उक्त विचार श्री दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व के दौरान धर्म के दशलक्षण धर्मों में नवमां धर्म ष्उत्तम आकिंचन धर्म ष् पर जयपुर से पधारे पंडित श्री रोहित शास्त्री जी ने अपने वक्तव्य दिए उन्होंने बताया कि आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य को दश धर्मों का सार एवं चतुर्गति दुखों से निकलकर मुक्ति में पहुंचा देने वाला महान धर्म है। यह पर पदार्थ और उनके लक्षण से उत्पन्न होने वाले चिद्विकारों को अपना नहीं मानना ,नहीं जानना और उनमें लीन नहीं होना, आकिंचन्य है। यदि स्वलीनता ब्रह्मचर्य है, तो पर में एकत्व बुद्धि और लीनता का अभाव आकिंचन्य है। अतरू जिसे अस्ति से ब्रह्मचर्य धर्म कहा जाता है। उसे ही नाश्ति से आकिंचन्य धर्म कहा जाता है। जिस प्रकार क्षमा का विरोधी क्रोध ,मार्दव का विरोधी मान है। उसी प्रकार आकिंचन्य का विरोधी परिग्रह है । परिग्रह 24 प्रकार के होते हैं। जिनका त्याग मुनिराज करते हैं ।और उत्तम आकिंचन्य धर्म के धारी होते हैं। आकिंचन्य धर्म ,क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य,रति शोक, भय, जुगुप्सा,स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसक वेद ,सभी कषायों के अभाव का नाम है ।

मृदुभाव होना ही दसलक्षण धर्म का दूसरा लक्षण मार्दव धर्म है

कोरबा । क्षमा के समान मार्दव धर्म भी आत्मा का स्वभाव है। मार्दव स्वभावी आत्मा के आश्रय से आत्मा में जो मन के अभाव रूप, शांति स्वरूप पर्याय प्रकट होती है। उसे भी मार्दव धर्म कहते हैं। मनुष्य जीवन में यदि हमने अपने आप को साधना में ढाल लिया तो जीवन सार्थक एवं उपयोगी बन जाता है । दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्मावलंबियों का पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व बड़े भक्ति भाव के साथ बुधवारी बाजार में मनाया जा रहा है ।उक्त विचार श्रमण संस्कृति संस्थान किशनगढ़ जयपुर राजस्थान से पधारे प्रवचनकार श्री रोहित जैन शास्त्री ने पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन अपने प्रवचन में बताया कि मृदुता अर्थात कोमलता का नाम मार्दव है। मान कषाय के कारण, आत्म स्वभाव में विद्यमान कोमलता का अभाव हो जाता है और उसमें एक अकड़ उत्पन्न हो जाती है ।मान कषाय के कारण मानी अपने को बड़ा और दूसरे को छोटा समझने लगता है ।उसमें समुचित विनय का भी अभाव हो जाता है। मान के खातिर वह छल कपट करता है ।मान भंग होने पर वह क्रोधित हो उठता है। सम्मान प्राप्ति के लिए वह कुछ भी करने को तैयार रहता है। माधव धर्म में आज मैं को हटाने का दिन है मान का प्रवचन सरल है। परंतु उसे छोड़ना अत्यंत कठिन है ।अहंकार की मृत्यु पर ही सत्य की विजय है ।

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल स्मृति समारोह का गरिमामय हुआ आयोजन

बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी का देश की स्वतंत्रता में है अतुलनीय योगदान

- कृषक संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती, नवीन कृषि यंत्रों और तकनीक की दी गई जानकारी
- विधिक संगोष्ठी में नागरिकों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

जांजगीर-चांपा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के पूर्णकालिक सदस्य बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की 68 वीं पुण्य स्मृति में एक दिवसीय स्मृति समारोह का सी-मार्ट परिसर (कचहरी चौक) जांजगीर में आयोजन किया गया। स्मृति समारोह में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधायक जांजगीर श्री ब्यास कश्यप, विधायक अकलतरा श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, शहीद परिवार के परिजनों एवं बैरिस्टर ठा. छेदीलाल के परिवारजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कृषक संगोष्ठी, विधिक संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आयोजित कृषक संगोष्ठी में किसानों को जैविक खेती, नवीन कृषि यंत्रों और तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों को कानूनी अधिकारों की जानकारी विधिक संगोष्ठी के माध्यम से दी गई। मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश जांगड़े ने बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को नमन करते हुए कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी का देश की स्वतंत्रता में अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल ने देश की स्वतंत्रता के लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य किए है, हम महान विभूति की स्मृति को याद कर रहे है। इससे आने वाली पीढ़ी को उनके विचार, किए गए कार्यों को जानने का अवसर मिलेगा। विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप ने कहा कि बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल जी छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा में अग्रपंक्ति के पहलकार थे। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाज सेवक, राष्ट्र सेवक थे, उन्होंने लगातार कृषकों की बेहतरी के लिए कार्य किया है। हर विषय पर उनकी गहरी पकड़ थी, उन्होंने क्षेत्र का नाम रोशन किया है उनका नाम संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रूप में नाम है। उन्हें स्मृति समारोह के माध्यम से याद करने का अवसर मिलता रहा है। अकलतरा विधायक श्री राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल को स्मरण करने का दिन है। उन्होंने जो त्याग और बलिदान दिया है आज उसे समझने का दिन है। उन्होंने गरीब, कृषक के लिए कार्य किया है। वे बहुत महान शख्सियत रहे है हमें उनसे सीखने का नया आयाम मिलता है। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल एक व्यक्ति ही नहीं अपितु एक विचार है। इस दौरान ठाकुर छेदीलाल जी के सुपुत्र श्री विजय प्रताप सिंह एवं श्री गुलाब सिंह चंदेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्हें नमन किया। बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल अकादमी के अध्यक्ष श्री देवेश सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 24 वर्षों से लगातार बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल समारोह का गरिमामय आयोजन किया जा रहा है।

मोह, राग, द्वेष और विषय कषायों को छोड़ना ही उत्तम त्याग धर्म है

कोरबा। जो जीव संपूर्ण परद्रव्यों से मोह छोड़कर संसार देह और भोगों से उदासीन रूप परिणाम रखता है। उसका ष्त्याग धर्मष् होता है। त्याग कषायों का होता है। दान परिग्रह का होता है। उक्त विचार श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के चल रहे पर्यूषण पर्व पर धर्म के दशलक्षणों में आठवां धर्म ष्उत्तम त्याग धर्म पर जयपुर से पधारे पंडित श्री रोहित शास्त्री जी ने व्यक्त किए ।उन्होंने बताया कि सामान्यतरू तो दान को ही लोग त्याग समझते हैं। त्याग के नाम पर दान के ही गीत गाए जाते हैं। जबकि जिनागम में दान को भी त्याग कहा जाता है ।दान देने की प्रेरणा भी भरपूर दी गई। दान की भी अपनी उपयोगिता है। और महत्व भी है। लेकिन गहराई से विचार किया जाए ,तो दान और त्याग में महान अंतर है। दो भिन्न-भिन्न चीज प्रतीत होती हैं। क्योंकि त्याग धर्म है ,और दान पुण्य है ।त्यागियो के पास रंच मात्र भी परिग्रह नहीं होता है। जबकि दानियों के पास ढेर सारा परिग्रह होता है। जैन मिलन समिति के उपाध्यक्ष श्री दिनेश जैन ने बताया ।यद्यपि त्याग शब्द निवृत्ति सूचक है। जबकि त्याग में वाह् और अभ्यंतर परिग्रह का त्याग होता है। तथापि त्याग धर्म में निज शुद्धात्मा का ग्रहण अर्थात शुद्धोपयोग और शुद्ध परणति भी शामिल है ।त्याग में द्रव्यों का नहीं, बल्कि अपनी आत्मा में पर द्रव्यों की प्रति होने वाले मोह- राग-द्वेष का होता है।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर और विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण.....

पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती

वन मण्डल जांजगीर चाम्पा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र सक्ती में विगत दिवस एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पाण्डेय, एसडीएम सक्ती श्री अरुण सोम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, पर्यावरण सम्बंधित एनजीओ के सदस्य, महिला समूह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक और विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण और पौधरोपण करने हेतु शपथ भी दिलाया गया द्य इस अवसर कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा पौधरोपण करने और बचाव करने के लिए सभी लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में पर्यावरण सम्बंधित प्रश्नोत्तर भी किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में पर्यावरण क्विज गेम खेला गयाद्य जिसमें प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरथा, द्वितीय स्थान लिटिल फ्लावर स्कूल सक्ती ,तृतीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर पोरथा ने प्राप्त किया । सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रियंका पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। जिसमें उप वनमण्डलाधिकारी श्री एच शर्मा द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वन परिक्षेत्र अधिकारी सक्ती एवं उनके स्टाफ द्वारा किया गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनमुण्डा में पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन.....

पृथक छत्तीसगढ़/ सरायपाली

सरायपाली विकास खण्ड के अन्तर्गत सेक्टर केदुवां के आंगनबाड़ी केन्द्र मोहनमुण्डा में महिला एंव बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर श्रीमती वर्षा अग्रवाल द्वारा पोषण माह के अन्तर्गत पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम में समुदाय से उपस्थित होने वाली गर्भवती महिलाएं, शिशुवाती महिलाओं व 0 से 2 वर्ष के बच्चे के माताओं को पोषण प्रदर्शन के माध्यम से संतुलित आहार के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को सुपरवाइजर द्वारा वजन त्यौहार के पूर्व वजन त्यौहार के आयोजन व उनके महत्व को विस्तार से बताया तथा वृद्धि मापन विधि को सभी कार्यकर्ताओं को पुनः स्मरण कराया. इस अवसर पर मोहनमुण्डा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अनुसूईया सिदार, व प्रभावती एवं अधिक संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित रही!

पोषण माह 2024 अंतर्गत वजन त्योहार का हो रहा आयोजन.....

पृथक छत्तीसगढ़/सक्ती।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में पोषण माह 2024 अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सक्ती जिले में 12 सितंबर से 23 सितंबर 2024 के मध्य वजन त्योहार का आयोजन किया जा रहा हैद्य जिसके अंतर्गत सक्ती जिले के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया द्य वजन त्यौहार में पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन समूह की महिलाए मिलकर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का वजन और ऊंचाई लेकर उनके अभिभावकों से डोर टू डोर मिलकर बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर रखने के बारे में बताया जा रहा है द्य साथ ही बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए खान-पान, स्वच्छता के उपाय की जानकारी, हाथ धुलाई तथा रैली सहित विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है।

आबां केन्द्रों में वजन त्यौहार व बीएमआई जांच का किया गया आयोजन-कलेक्टर आकाश.....

- स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सब्जी, भांजी, अनाज व खाद्य पदार्थों के सेवन करने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया।

जांजगीर-चांपा। सक्षम आंगनबाडी एवं पोषण 2.0 अंतर्गत पोषण अभियान जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधी व्यापक प्रचार प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार प्ररिवर्तन हेतु जन आन्दोलन के रूप में प्रति वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के द्वौरान एनिमिया, वृध्दि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढाई भी, बेहतर प्रशासन व पारदर्शिता एवं कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी एवं समग्र पोषण थीम पर विभिन्न गतिविधीयां आयोजित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत जिले में स्थानीय खाद्य पदार्थ का प्रदर्शन, पिता की भूमिका, छाता रैली एवं कलस्टर अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार व बीएमआई जांच का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता एवं पोषण संबंधी जानकारी देकर जन-जन को जागरूक किया गया। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सब्जी, भांजी, अनाज व खाद्य पदार्थों के सेवन करने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। वजन त्यौहार में बच्चों के पिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अपने बच्चों का वजन ऊँचाई मापन करवाकर पोषण स्तर जानकार उत्साहित थे। बच्चों के पोषण में मां के साथ-साथ पिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है यह संदेश दिया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक शेख मुबारक के लिए पूर्णिमा ट्रेडर्स, संस्कार पब्लिक स्कूल कैंपस बोंदाटिकरा रोड़, गढ़उमरिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ से मुद्रित कराकर मु.पो.- हसौद, व्हाया- बिर्रा, तहसील- जैजैपुर, थाना-हसौद, जिला-सक्ती से प्रकाशित।
संपादक- शेख मुबारक पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदार। मो. 7697338503 प्रकाशित समाचारो से संबंधित वाद सक्ती न्यायालय के अंतर्गत ही मान्य होगा।